दनांकः 10.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। बैठक में विभिन्न जिलों में होने वाली प्री इन्वेस्ट मीट के आयोजन, खाद्य आपूर्ति और वितरण की स्थिति और समान पात्रता परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन से जुड़े लम्बित मामले, राजस्व प्रकरणों के निपटारे, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और रोजगार मेलों की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

........................

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क के विकास से 'विकसित भारत' का संकल्प साकार होगा। मुख्यमंत्री ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट के जरिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 2 हजार 280 किलोमीटर लम्बे सड़क नेटवर्क के विकास को मंजूरी के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने लिखा कि इस निर्णय से इन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, शैक्षिक अवसरों की उपलब्धता और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और प्रदेश के चहुंमुखी विकास को भी बल मिलेगा।

........................

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज जयपुर के ज़नाना अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया। श्री खींवसर ने अधिकारियों के साथ चर्चा कर अस्पताल में मरीजों को और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

........................

सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय सिनेमा ने अपनी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के साथ देश में एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री वैष्णव ने एक लेख में कहा कि सिनेमा, विविधता और साझा भविष्य की कहानियों से "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के दृष्टिकोण को मजबूत करने का शक्तिशाली माध्यम बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सिनेमा की सार्वभौमिकता, विशेष रूप से देश में, संघर्ष और प्रेम के सामान्य ताने–बाने का प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाती है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री वैष्णव ने कहा, समावेशिता की इस भावना को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के माध्यम से हर साल मनाया जाता है, जहां राष्ट्र, फिल्म निर्माण में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का सम्मान करता है।

........................

जाने–माने उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का आज शाम मुम्बई के वरली स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में रखा गया है। गौरतलब है कि श्री टाटा का कल मुम्बई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। केन्द्र सरकार की ओर से गृहमंत्री अमित शाह श्री टाटा के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

........................

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। ये दिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढावा देने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है – कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य। इस अवसर पर अलवर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सामान्य चिकित्सालय में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रश्नोत्तरी सत्र भी रखा गया।

........................

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में महागौरी से सभी भक्तों के जीवन में समृद्धि और

खुशी की कामना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महागौरी के आशीर्वाद से प्रदेश हमेशा विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

प्रदेश में भी इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित चौथ माता मंदिर में मां का विशेष श्रंगार किया गया है। भरतपुर के झील का बाड़ा स्थित कैला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें देखी जा रही हैं। प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सहित अन्य राज्यों के लोग भी देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

........................